प्रेस नोट **19/04/2024**

तमन्चा व कारतूस के साथ एक जिलाबदर अपराधी गिरफ्तार-

आज दिनांक 19.04.2024 को थाना रामपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान चन्दापार तिराहा इब्राहिमपट्टी बार्डर के पास से जिलाबदर अपराधी तसलीम आरिफ पुत्र नसीरूद्दीन निवासी फतहपुर मण्डाव थाना रामपुर जनपद मऊ के कब्जे से एक अदद तमन्चा व एक अदद कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 36/24 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम व धारा 3/10 यूपी गुण्डा निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. तसलीम आरिफ पुत्र नसीरूद्दीन निवासी फतहपुर मण्डाव थाना रामपुर जनपद मऊ।

बरामदगी-

1. एक अदद तमन्चा व एक अदद कारतूस 315 बोर बरामद।

अवैध गांजा के साथ एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार-

थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा आज दिनांक 19.04.2024 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर बीबीपुर गांव के पास से जयशंकर पुत्र दर्शनराम निवासी बीबीपुर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ के कब्जे से 800 ग्राम(154 पुडिया) अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 52/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

04 वांछित अभियुक्त 02 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-

आज दिनांक 19.04.2024 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली पुलिस द्वारा जरिये मुखबिर की सूचना पर भीटी चौराहे के पास से मु0अ0सं0 113/24,119/24 धारा 363,366 भादवि में वांछित अभियुक्तगण वशू राजभर पुत्र रामबदन निवासी रणवीरपुर थाना सरायलखन्सी, रामरथी देवी पत्नी सुनील राजभर निवासी सिरियमठ थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर, ममनी देवी पत्नी जितबन्धन, प्रियंका देवी पत्नी विशाल निवासीगण ख्वाजाजहॉपुर थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ तथा कोपागंज पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तगण भीमल पुत्र लालता चौहान, मेवा पुत्र जरपत्तु निवासीगण काछीकला थाना कोपागंज जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जनपद में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 19.04.2024 सायंकाल ***पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा प्रभारी निरीक्षक दोहरीघाट सहित***

भारी संख्या में जनपदीय पुलिस बल के साथ मऊ दोहरीघाट क्षेत्र के संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों कस्बा दोहरीघाट स्थानों पर रूट मार्च/पैदल गस्त किया गया। इस दौरान जगह-जगह पर आमजन से वार्ताकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति भरोसा दिलाया गया एवं अतिक्रमण आदि के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक दोहरीघाट सहित भारी संख्या में पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। साथ ही साथ पूरे जनपद में क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में महत्वपूर्ण/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर रूट मार्च एवं पैदल गस्त किया जा रहा है।

आगामी लोक सभा समान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत ***पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में आज दिनांक 19.04.2024 को जनपद के समस्त थानों पर क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक द्वारा अधिकारी/कर्मचारी की सप्ताहिक मीटिंग आयोजन किया गया*** जिसमें उपस्थित अधिकारी/कर्मचारी को लोक सभा चुनाव सामान्य निर्वाचन 2024 के विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुये सभी को अवगत कराया गया। साथ ही साथ थाना क्षेत्रो में छोटी-छोटी घटनाओं, राजनीतिक विद्वेष, अवैध शराब/गांजा, विभिन्न अपराधों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने तथा अतिशीघ्र सूचित करने हेतु निर्देशित किया गया।